## बैठक प्रतिवेदन

दिनांक 27.9.2019 को अपरान्ह 1.00 बजे सत्र 2019-20 की महाविद्यालय विकास समिति की प्रथम साधारण बैठक कक्ष संख्या 82 में आयोजित करी गई। सभा में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे -

अध्यक्ष - डॉ. श्रीमती संगीता सुनेजा
सचिव - श्रीमती प्रेमजीत कौर सूरी
कोषाध्यक्ष - डा. स्मृति जौहरी
कॉलेज शिक्षा
आयुक्तालय प्रतिनिधि - डा. के. एम. गवेन्द्रा

श्री. शान्ति धारीवाल (विधायक)
श्री. सुरेन्द्र गोचर (जिला प्रमुख)
श्रीमती सरोज ढाका (सहा. कलेक्टर मुख्यालय)

डा. श्रीमती संतोष गोमिया
श्रीमती रश्मि गोयल
डा. श्रीमती निशी माथुर
डा. श्रीमती मन्जु मालव
डा. श्रीमती आरुषि क्षेत्रपाल
श्रीमती सोनिया राठौर

1. श्री राजेश प्रजापति    2. श्री. सुरेन्द्र यादव

आन्तरिक विकास समिति -

डा. सतीश सारस्वत
श्रीमती मधु खन्ना
डा. श्रीमती लक्ष्मी माल
डा. श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव
डा. श्रीमती फातिमा सुल्ताना

श्री घनश्याम नागर (सहा. लेखा. प्रथम)
श्रीमती नसरीन खान (स्टोर इंचार्ज)
श्रीमती सुमन शर्मा (कैशियर)
सुश्री रंजना जांगिड़ (छात्र संघ अध्यक्ष 2019-20)

बैठक की कार्यवाही इस प्रकार रही -

1. सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का सचिव श्रीमती प्रेमजीत सूरी द्वारा पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया।

2. गत बैठक का प्रतिवेदन महाविद्यालय विकास समिति सचिव श्रीमती प्रेमजीत सूरी द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसका अनुमोदन विकास समिति अध्यक्ष डा. श्रीमती संगीता सुनेजा जी द्वारा किया गया।

3. विकास समिति सचिव श्रीमती प्रेमजीत कौर सूरी ने पिछली बैठक में निर्धारित कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत करीब शेष रहे कार्यों को अतिशीघ्र सम्पन्न करवाने का प्रयास करने को कहा। सचिव महोदया द्वारा आज की बैठक का एजेन्डा प्रस्तुत किया गया।

4. विकास समिति कोषाध्यक्ष डा. स्मृति जौहरी ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में सार्वजनिक निर्माण विभाग या अन्य एजेन्सी के द्वारा निर्माण कार्य करवाया जाता है जिसके कारण महाविद्यालय की बिजली व पानी का उपयोग किया जाता है अतः सम्बन्धित ठेकेदार से कार्यादेश की कुल राशि का 2% बिजली व पानी के उपयोग करने हेतु शुल्क लिया जाना चाहिये। सभी सदस्यों ने इस बात का समर्थन किया व कहा कि यदि ठेकेदार द्वारा महाविद्यालय में शुल्क राशि जमा

नहीं करवाई जाती है तो ठेकेदार द्वारा बिजली व पानी की व्यवस्था स्वंय करनी होगी। जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

5\. प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ॰ फातिमा सुल्ताना ने विभाग में संचालित स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत स्नातकोत्तर प्राणीशास्त्र विषय में छात्राओं के रूझान को देखते हुए आगामी सत्र से कुल सीटों की संख्या 20 से बढ़ाकर 30 सीटें करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सीटों की संख्या में बढ़ोतरी होती है तो छात्राओं को स्पेशल पेपर चुनने का विकल्प भी दिया जाएगा। छात्राऐ (1) पर्यावरण विज्ञान या (2) फोरेस्टरी एण्ड वाईल्ड लाईफ मैनेजमेंट में से कोई एक विषय चुन सकेंगी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने इन प्रस्ताव का समर्थन किया।

6\. वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ॰ प्रतिमा श्रीवास्तव ने बताया कि वनस्पति शास्त्र में स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश के लिये अत्यधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होते हैं। वनस्पति शास्त्र की सभी सीटें राजकीय हैं इसलिये आगामी सत्र से स्ववित्तपोषी योजना में 10 सीटें नियमानुसार अनुमति लेकर प्रारम्भ करने का प्रस्ताव रखा। जिसका समिति के सभी सदस्यों ने आवश्यक प्रयास करने को कहा।

7\. डॉ॰ प्रतिमा श्रीवास्तव ने महाविद्यालय में यथासम्भव स्थानों पर सुन्दर बगीचे व फलदार वृक्ष लगवाने का सुझाव दिया। उन्होंने वनस्पति शास्त्र विभाग में प्रायोगिक कार्य हेतु विभिन्न पादप व पुष्पों की नर्सरी की देखभाल व रख रखाव हेतु बागवान रखने की आवश्यकता बताई जिसका की समिति सदस्यों ने नियमानुसार बागवान की नियुक्ति करने का प्रस्ताव दिया।

8\. महाविद्यालय के लेखाधिकारी श्री घनश्याम नागर जी ने प्रशासनिक भवन स्थित Common Toilet को ठीक करवाने की आवश्यकता बताई तथा कक्ष संख्या 88 के बाहर स्थापित वाटर कूलर के चारों ओर सुरक्षा की दृष्टि से जंगला बनवाना व उसके ऊपर बारिश के बचाव हेतु टीनशेड लगवाने का प्रस्ताव रखा जिसका सभी सदस्यों ने अनुमोदन किया।

9\. सचिव द्वारा महाविद्यालय में स्ववित्तपोषी योजना में संचालित विभिन्न विषयों में आवश्यकता के अनुसार व्याख्याता, प्रयोगशाला सहायक, प्रयोगशाला परिचायक, सहायक कर्मचारी आदि रखने का प्रस्ताव दिया जिसका की समिति के सभी सदस्यों ने समर्थन किया।

10\. महाविद्यालय विकास समिति द्वारा छात्राओं से लिये जा रहे विभिन्न शुल्कों में इसी सत्र से वृद्धि करने का प्रस्ताव किया है:—

| | विवरण | वर्तमान शुल्क | प्रस्तावित शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1. | डिग्री | 150/- | 200/- |
| 2. | बैकलॉग या अन्य प्रमाण पत्र | — | 500/- |
| 3. | प्रमाण पत्र का अंग्रेजी रुपान्तरण | — | 200/- |
| 4. | चरित्र प्रमाण पत्र | 10/- | 50/- |
| 5. | 12 कक्षा की मूल अंकतालिका एवं पुरानी अंकतालिका | — | 100/- |
| 6. | प्रवेश निरस्तीकरण | — | 200/- |
| 7. | म॰द॰स॰ विश्वविद्यालय अजमेर की डिग्री लेने पर। | — | 500/- |
| 8. | स्वंयपाठी/पूर्वछात्रा महा॰ विकास समिति शुल्क | 400/- | 500/- |

11\. सचिव द्वारा स्ववित्तपोषी योजनान्तर्गत संचालित स्नातकोत्तर विषयों में छात्राओं के लिये उपयोगी आवश्यक उपकरण खरीदने का सुझाव दिया जिसका की समिति सदस्यों ने

अनुमोदन किया।

12. महाविद्यालय में स्ववित्तपोषी योजना में कार्यरत व्याख्याताओं का वर्तमान मानदेय 10 हजार रुपये प्रतिमाह है जिसे राजस्थान सरकार शिक्षा ग्रुप 4, विभाग के पत्रांक प. 1(1) शिक्षा-4/2010 दिनांक 26.05.2014 के संदर्भ में 20 हजार रुपये मासिक भुगतान किया जाना प्रस्तावित है। यदि 500/- रुपये प्रति कालांश से भुगतान किया जाता है तो उसकी अधिकतम भुगतान राशि सीमा 25 हजार रुपये प्रति माह होगी।

10. रसायन शास्त्र विभागाध्यक्ष द्वारा रसायनशास्त्र विभाग की प्रयोगशालाओं के पीछे लगी खिड़कियों की टूटी जालियों व कॉंच की मरम्मत करवाना व विभाग के सामने खाली पड़े मैदान की साफ सफाई एवं उचित रख रखाव करने की आवश्यकता बताई जिसका की सचिव द्वारा समय पर मरम्मत आदि कार्य करवाने का आश्वासन दिया।

11. आंतरिक विकास समिति बैठक में लिये गये प्रस्तावों का समिति सदस्यों ने अनुमोदन किया।

अन्त में कोषाध्यक्ष डा० स्मृति जौहरी ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को सहयोग प्रदान करने के लिये आभार व्यक्त किया।

कार्यों की आवश्यकता व प्राथमिकता के अनुसार तय कर उपरोक्त कार्यवाही का अनुमोदन कर पूर्व में लिये गये प्रस्तावों के क्रियान्वयन की सभी सदस्यों ने अनुमति प्रदान करी।

संगीता कुनेजा
अध्यक्ष
(डा० संगीता सुनेजा)

स्मृति
कोषाध्यक्ष
(डा० स्मृति जौहरी)

सचिव
(श्रीमती प्रेमजीत सूरी)

बैठक प्रतिवेदन

दिनांक 20.2.2020 को अपरान्ह 1.00 बजे महाविद्यालय विकास समिति की साधारण सभा कक्ष सं. 82 में आयोजित की गई। सभा में निम्नलिखित सदस्यों को आमंत्रित किया गया-

अध्यक्ष - डा० संगीता सुनेजा — संगीता कुनेजा
सचिव - श्रीमती प्रेमजीत सूरी
कोषाध्यक्ष - डा० स्मृति जौहरी — स्मृति
आयुक्तालय प्रतिनिधि - श्री के.एम गजेन्द्रा — [signature]

बाह्य सदस्य -
श्री ओम कृष्ण बिरला (सांसद)
श्री शान्ति धारीवाल (विधायक)
श्री सुरेन्द्र गोचर (जिला प्रमुख)
श्रीमती सरोज ढाका (सहा.कलेक्टर मुख्यालय)

डा० संतोष गोगिया
श्रीमती रश्मि गोयल
डा० निशी माथुर
डा० मन्जू मालव — [signature]
डा० आरुषि क्षेत्रपाल
श्रीमती सोनिया राठौर

(अभिभावक)
1. श्री राजेश प्रजापति
2. श्री सुरेन्द्र यादव

आंतरिक विकास समिति -

डा० सतीश सारस्वत — [signature]
श्रीमती मधु खन्ना — [signature]
डा० रेनू त्यागी
डा० प्रतिमा श्रीवास्तव — [signature]
डा० फातिमा सुल्ताना
श्री घनश्याम नागर (सहा.लेखा.प्रथम)
श्रीमती नसरीन खान (स्टोर इंचार्ज)